>

Title: Regarding drinking water problem in Alwar and 13 other districts of Rajasthan.

श्री बालक नाथ (अलवर): माननीय अध्यक्ष जी, 17 तारीख से सदन में सभी राज्यों के माननीय सांसदों की एक बड़ी मांग की जा रही है, चाहे राजस्थान हो, महाराष्ट्र हो, मध्य प्रदेश हो, गुजरात हो और यूपी के बहुत से इलाके हैं, जहां पीने के पानी का अभाव है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि अलवर में जहां भी पानी का संकट है इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी योजना लाएं । मेनिफेस्टो में माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि आने वाले पांच वर्षों में हर घर तक पाइप लाइन के द्वारा पानी आएगा । उसको जल्द से जल्द हर जिले के अंदर, हर घर के अंदर, हर गांव के अंदर पानी की सुविधा सुनिश्चित हो, शुद्ध जल मिले । इसके साथ-साथ मैं अपनी सरकार से यह भी आग्रह करता हूं कि सब्सिडी की एक ऐसी योजना लाकर, जो घर आज बने हुए हैं या नए बनने वाले हैं, उनमें वाटर हार्वेस्टिंग द्वारा जब बरसात का पानी बरसता है, उनको सब्सिडी देकर ऐसा टैंक निर्माण करने की सुविधा दी जाए, जिससे वे अपने घरों में पीने का पानी संरक्षित कर पाएं और उसको इकट्ठा कर पीने के उपयोग में लाएं । मैं अपनी सरकार से पुन: यही आग्रह करता हूं कि अलवर और पूरे राजस्थान के 13 जिलों में यह सुविधा प्रदान करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: सभी माननीय सदस्यों को इसे अपने-अपने इलाके में करना चाहिए ।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ.मनोज राजोरिया, डॉ. किरिट पी. सोलंकी, श्री रामचरण बोहरा और श्री सी.पी.जोशी को श्री बालक नाथ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए ।